# इलाहाबाद केंद्र में मना : जश्न-ए-आजादी

महात्मा गाँधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा के क्षेत्रीय केंद्र इलाहाबाद में भारत का 72वां स्वतंत्रता दिवस उत्सव बड़े उत्साह एवं धूमधाम से मनाया गया। सबसे पहले इलाहाबाद केंद्र की प्रभारी डॉ.विधु खरे दास ने ध्वजारोहण कर ध्वज प्रणाम किया। तत्पश्चात केंद्र विद्यार्थियों के साथ सामूहिक राष्ट्रगान हुआ। इसके बाद केंद्र के सहायक क्षेत्रीय निदेशक डॉ. प्रकाश नारायण त्रिपाठी ने स्वतंत्रता दिवस पर अपना वक्तव्य दिया। डॉ. प्राकश त्रिपाठी ने कहा कि आज हम देश आजादी का 72वां सवतंत्रता दिवस मना रहे हैं। डॉ. त्रिपाठी ने सभी शिक्षकों/कर्मचारियों तथा विद्यार्थियों को सवतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि देश की आजादी के लिए 15 अगस्त 1947 की मध्यरात्रि को पंडित जवाहर लाल नेहरु ने भारत को स्वतंत्र देश घोषित किया और उन्होंने "टिस्ट ओवर डेस्टिनी" भाषण दिया था। उन्होंने अपने भाषण के दौरान कहा कि- बहुत साल पहले हमने भाग्यवधू से प्रतिज्ञा की थी और अब समय आ गया है कि जब हम अपने वादे को पूरा करेंगे, न ही पूर्णतया या पूरी मात्रा में बल्कि बहुत मजबूती से। मध्यरात्रि घंटे के स्पर्श पर जब दुनिया सोती है, भारत जीवन और आजादी के लिए जागेगा। एक पल आयेगा, जो आयेगा, लेकिन इतिहास में कभी कभार, जब हम पुराने से नए की ओर बढ़ते हैं, जब उम्र ख़त्म हो जाती है और राष्ट्र की आत्मा जो लम्बे समय से दबाई गयी थी उसको अभिव्यक्ति मिल गयी है। आज हमने अपने दुर्भाग्य को समाप्त कर दिया और भारत ने खुद को फिर से खोजा। इसके बाद स्वच्छता पखवाड़े का समापन समस्त शिक्षकों/कर्मचारियों तथा छात्रों द्वारा **श्रमदान** करके किया गया। इसके बाद भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विश्वविद्यालय के **कुलगीत** से हुई। इसके बाद केंद्र में अध्ययनरत विभिन्न विषयों के छात्र एवं छात्राओं ने देशभक्तिपूर्ण गीत एवं कविता पाठ किया। जिनमे मुख्य रूप से कुमारी नम्रता दिनकर, श्री अनिल कुमार, कुमारी निष्ठा मिश्र, श्री मुकुल मिश्र, श्री गणेश कुमार तथा केंद्र के अनुभाग अधिकारी श्री शम्भुदत्त सती ने देश की आजादी के लिए शहीदों के प्रति अपनी कविता के माध्यम से रचना पाठ किया। तत्पश्चात 15 अगस्त सन 1947 पर आधारित डाकूमेंट्री फिल्म "15 अगस्त" दिखाया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से हुआ। इसके बाद मिष्ठान वितरण हुआ। कार्यक्रम में केंद्र लगभग सभी शिक्षक/कर्मचारी तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे। इस पावन अवसर पर शहर के गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अतिथि अध्यापक डॉ.कमलेश यादव ने किया।



ध्वजारोहण करतीं केंद्र की प्रभारी डॉ.विधु खरे दास



ध्वजारोहण के पश्चात् सभी शिक्षकगण



ध्वजारोहण के पश्चात् सभी विद्यार्थीगण




मंचासीन वरिष्ठ पत्रकार श्री अखिलेश मिश्र, प्रभारी डॉ.विधु खरे दास, सहायक क्षेत्रीय निदेशक डॉ. प्रकाश त्रिपाठी तथा अनुभाग अधिकारी श्री शम्भुदत्त सती तथा अपना गीत प्रस्तुत करते छात्र श्री मुकुल मिश्र



श्रमदान करते केंद्र की प्रभारी, सहायक क्षेत्रीय निदेशक, शिक्षक,कर्मचारी तथा विद्यार्थी



विश्वविद्यालय का कुलगीत गाते केंद्र के कर्मी तथा विद्यार्थी




मंचासीन वरिष्ठ पत्रकार श्री अखिलेश मिश्र ,प्रभारी डॉ.विधु खरे दास ,सहायक क्षेत्रीय निदेशक डॉ. प्रकाश त्रिपाठी तथा अनुभाग अधिकारी श्री शम्भुदत्त सती तथा अपना गीत प्रस्तुत करते छात्र श्री गणेश कुमार